CBSE Class 6 Maths Notes Chapter 9 आँकड़ों का प्रबंधन

→ आँकड़े संख्याओं के वे संग्रह हैं जो कुछ सूचनाएँ देने के लिए एकत्रित किए जाते हैं।

→ आँकड़ों से कोई विशेष सूचना प्राप्त करने के लिए, उन्हें मिलान चिन्हों का प्रयोग करके सारणियों में प्रस्तुत किया जा सकता है।

→ एक चित्रालेख आँकड़ों को चित्रों, वस्तुओं या वस्तुओं के भागों के रूप में निरूपित करता है।

→ आँकड़ों को एक दण्ड आरेख या एक दण्ड आलेख द्वारा भी निरूपित किया जा सकता है। एक दण्ड आलेख में समान दूरी पर समान चौड़ाई के दण्ड क्षैतिज या ऊर्ध्वाधर रूप से खींचे जाते हैं। प्रत्येक दण्ड की लम्बाई वांछित सूचना दर्शाती है।

→ दण्ड आलेख द्वारा निरूपण के लिए एक उचित पैमाना चुना जाता है, जैसे भारत की जनसंख्या दर्शानी हो तो 1 इकाई = 10 करोड़ व्यक्ति।